कार्यालयः महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्याः–एमई–3/2014/ लखनऊःदिनांकः जुलाई, 2014

यू0पी0पी0जी0एम0ई0ई0–2014 से प्रवेशित/आवंटित/अनावंटित अभ्यर्थियो हेतु सूचना।

समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 7,8, व 9 जुलाई 2014 को आयोजित तृतीय काउन्सिलिंग के माध्यम से आवंटित/पुनरावंटित अभ्यर्थियो के प्रवेश की प्रक्रिया दिनांक 10 जुलाई 2014 को दोपहर 2.00 बजे तक निश्चित रूप से पूर्ण कर ली जानी है। यदि आवंटन प्राप्त कर कोई अभ्यर्थी प्रवेश नहीं लेता है तो उस पर बाण्ड की व्यवस्था प्रभावी मानी जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का होगा।

उक्त निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् यदि कोई सीट रिक्त हो जाती है तो उक्त सीट को यू0पी0पी0जी0एम0ई0ई0–2014 की विवरण पुस्तिका(ब्रोशर) मे निहित प्राविधानो के अनुसार माप–अप राउण्ड, जो कि दिनांक 10 जुलाई 2014 को ही अपरान्ह 2.00 बजे के बाद के0जी0एम0यू0 लखनऊ मे आयोजित की जायेगी, से भरी जानी है, जिसमे मात्र वही अर्ह अभ्यर्थी, जिन्हें अभी तक कोई आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है, सम्मिलित हो सकते है। माप–अप राउण्ड मे आवंटित अभ्यर्थियों के प्रवेश की कार्यवाही काउन्सिलिंग स्थल पर ही सम्पन्न की जानी है। अतः अभ्यर्थी अपने सभी वांछित मूल शैक्षिक अभिलेखो, काउन्सिलिंग फीस, सिक्योरिटी धनराशि तथा कालेज मे प्रवेश संबंधी शुल्क की व्यवस्था के साथ काउन्सिलिंग मे सम्मिलित हो सकते है ।

महानिदेशक।